उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक: 21.07.2023

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में हरेला लोक पर्व के उपलक्ष्य में आयोग कार्यालय एवं आयोग के आवासीय परिसर में वृक्षारोपण तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर आयोग के मा0 अध्यक्ष प्रो0 (डॉ0) जगमोहन सिंह राणा, आयोग के मा0 सदस्यगण डॉ0 रवि दत्त गोदियाल, श्री अनिल कुमार राणा, श्रीमती नंदी राजू श्रीवास्तव एवं डॉ0 ऋचा गौड़ के साथ ही श्री गिरधारी सिंह रावत, सचिव, परीक्षा नियंत्रक, उपसचिव, अनुसचिव एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा वृक्षारोपण किया गया। हरेला पर्व के अवसर पर आयोग कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों के बच्चों द्वारा पेंटिंग तथा पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से अपने भावों एवं विचारों को व्यक्त किया गया। मा0 अध्यक्ष प्रो0 (डॉ0) जगमोहन सिंह राणा द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

अपने संबोधन में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा हरेला पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि हरेला पर्व पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ लोक संस्कृति के संरक्षण का भी दिवस है। यह हरियाली से खुशहाली का पर्व है। "माताभूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" अर्थात पृथ्वी से हमारा माता–पुत्र का संबंध है तथा पृथ्वी में रहने वाले लोगों से परिवार का संबंध है। यह संबंध आत्मवत संबंध है जो वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को पुष्ट करता है। प्रकृति के संरक्षण के लिये आवश्यक है कि संसाधनों का Exploitation न करके Utilization किया जाना आवश्यक है। कहा भी गया है कि The world has enough for everyone's need, but not enough for everyone's greed. महोदय द्वारा आगे "ईशावाश्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्याम् जगत्" का उल्लेख करते हुए बताया गया कि हरेला पर्व हम सब को प्रकृति के संरक्षण हेतु प्रेरित करता है ताकि हम प्रत्येक दिन पृथ्वी का श्रृंगार करते रहें। इस समस्त जगत को ईश्वर की अनन्य कृति मानते हुए संस्कार से व्यवहार और व्यवहार से संस्कार आता है।

कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

Sd/-

सचिव